-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना पैलानी पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना पैलानी पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों के खोये हुए मोबाइल को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम नरी के रहने वाले सन्तराम पुत्र विशम्भर, ग्राम पैलानी के रहने वाले सतेन्द्र यादव पुत्र रामलाल, ग्राम सिन्धनकला के रहने वाले राजेश सिंह पुत्र बोधन सिंह व खप्टिहांकला के रहने वाले मजीत पुत्र सब्बीर द्वारा थाना पैलानी पर अपने मोबाइल फोन कहीं गिर जाने व काफी खोजबीन करने के बाद भी न मिलने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसके क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा सभी के मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

बरामदगी-

- 04 अदद् खोए हुए मोबाइल फोन

मोबाइल बरामद करने वाली टीम-

1. व0उ0नि0 श्री रमेश कुमार
2. का0 अभिषेक यादव